साक्षरता दिवस पर सरगुजा में विभिन्न कार्यक्रम 8 से

छत्तीसगढ़ संवाददाता

अम्बिकापुर,5 सितम्बर। कलेक्टर एवं जिला लोक शिक्षा समिति के समन्वयक डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया है कि जिले में साक्षर भारत कार्यक्रम के तहत 8 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवं 9 से 14 सितम्बर तक प्रौढ़ शिक्षार्थी सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य को साक्षरता से संबंधित कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित करने निर्देशित किया है।

11 सितम्बर को ग्राम पंचायत, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन में साक्षर भारत पर केन्द्रित विचार, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सम्मेलन में ही जनषिक्षण संस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी सह विक्रय, महिलाओं द्वारा तैयार खाद्य पदार्थों का प्रदर्षन एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावेगा। 12 सितम्बर को महिला साक्षरता पर केन्द्रित जागृति षिविर आयोजित की जायेगी। जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मंडल जिसमें महिलाओं से संबंधित योजनाओं तथा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर चर्चा की जायेगी।

साथ ही खेदकूद प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी, मटका फोड़, रस्सा खींच, दौड़, सुई-धागा दौड़, कुर्सी दौड़ आदि का आयोजन किया जायेगा। गीत प्रतियोगिताओं में एकल गीत समूह, गीत, जषगीत, भोजली, ददरिया, करमा, भड़ौनी, भजन, कीर्तन, रामायण गायन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। नृत्य प्रतियोगिता के तहत करमा, पंथी, सुआ, राउत नाच एवं स्थानीय स्तर पर किये जाने वाले अन्य नृत्य एवं गीतों का आयोजन होगा। इसी प्रकार 13 एवं 14 सितम्बर हेतु साक्षरता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। समस्त प्रौढ़ केन्द्रों में साक्षरता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राज्य एवं जिले के साहित्यकार, रचनाकार, असाक्षरों, नवसाक्षरों एवं समतुल्यता षिक्षार्थियों में महिला सषक्तिकरण एवं महिला साक्षरता विषय पर संवाद का आयोजन होगा।

14 सितम्बर को प्रौढ़ षिक्षा सप्ताह के समापन कार्यक्रम में हिन्दी दिवस के अवसर पर गुणवत्तापूर्ण वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिला लोक शिक्षा समिति के सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय देवांगन ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को प्रोढ़ शिक्षार्थी सप्ताह का पालन प्रतिवेदन, फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग सहित प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

शिक्षक दिवस मनाया गया

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनेन्द्रगढ़, 5 सितम्बर। 'भारत रत्न' से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर रविवार को शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में सेवानिवृत्त प्राचार्य एमवाय इराकी, अली बक्श एवं शिक्षक सतीश उपाध्याय के आतिथ्य में गुरूजनों का सम्मान किया गया।

स्कूल के व्यवस्थापक ज्ञानेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह तथा छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया। शिक्षिकाओं ने प्राचार्या श्रीमती इन्द्रा सेंगर को मंच पर सम्मानित किया गया वहीं प्राचार्या इन्द्रा सेंगर ने सभी उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं श्रीमती मधु कक्कड़, माला अरोरा, श्यामली चक्रवर्ती, अल्पना दास, एस. मंजुलता, रूख्साना खान, संगीता राय, आशुतोष श्रीवास्तव, तनेश्री राय, सुनीता शर्मा, शबनम बानो, ऋचा गुप्ता, जागृति कश्यप, काकुली मुखर्जी, नीशु सोनी, प्रीति अग्रवाल, मनोज विश्वकर्मा, संगीता दीवान, स्वाति सोनी, नितिशा सुराना, धनेश्वर प्रसाद, दर्शन शाह, प्रीति सोनी, प्रतिमा नागर, पूजा अग्रवाल, अलका श्रीवास, कनक सिंह, ममता सिंह राणा को तिलक लगाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य अमर लाल सोनी, वायएम इराकी, अली बक्श, शिक्षक सतीश उपाध्याय एवं संस्था की प्राचार्या श्रीमती इन्द्रा सेंगर आदि ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए शिक्षक दिवस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष कुमार श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन संजय सिंह सेंगर ने किया।

24 घंटे के अंदर पकड़ाया चोर

मनेन्द्रगढ़, 5 सितम्बर। नगर में कबाड़ियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि न केवल रात के अंधेरे में बल्कि दिन के उजाले में लोगों के घरों में चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय पुलिस की सक्रियता से चोरी के एक ऐसे ही आरोपी को घटना के महज 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्र. 4 बिजली ऑफिस के पास निवासरत् श्रीमती पुष्पा सिंह 35 वर्ष बिजली विभाग में भृत्य के पद पर कार्यरत हैं। घटना दिवस 4 सितम्बर शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे श्रीमती सिंह अपने तीनों बच्चों को स्कूल छोड़कर प्रतिदिन की भांति बिजली ऑफिस काम पर चली गईं। घर पर मौसी की 9 वर्षीया पुत्री किरन अकेली थी। दोपहर 1.30 से 2 बजे के बीच रद्दी कापी-किताब, पेपर एवं कबाड़ खरीदने वाला एक युवक आया। उसने रद्दी खरीदने के लिए बालिका को अपनी दीदी को ऑफिस से बुलाने के लिए भेज दिया और घर में सूनेपन का फायदा उठाते हुए आलमारी के लॉकर को तोड़कर उसमें रखे सोने के जेवरात एक तोला का कान का लटकन, आधा तोले का टप्स, दो नग सोने की मुहर, चार नग कान की बाली, सोने की नाक की कील, तीन टूटा हुआ कान का लटकन पार कर दिया। श्रीमती सिंह जब घर पहुँची तो आलमारी से जेवरात गायब देख उनके होश उड़ गए। घटना की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज करायी गई। रद्दी खरीदने वाले को इंगित कर पुलिस ने जाँच कार्रवाई आगे बढ़ाई और बालिका की निशानदेही पर रिंग रोड मौहारपारा स्थित एहसान अली उर्फ बबलू उर्फ टर्रे आ. अब्दुल अजीज 19 वर्ष ग्राम इटोरा थाना कालपी जिला कानपुर (उप्र) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी गए सोने के सारे जेवरात बरामद कर लिए गए।

फिजियोथेरेपिस्ट बनकर सेवा दे रहा था एनएमए

दी गई तनख्वाह वसूलेगा शासन

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव,5 सितम्बर। लंबे समय से कथित तौर पर फिजियोथेरेपिस्ट टेक्नीशियन बन कर उसी पद के वेतनमान का लाभ ले रहे एक स्वास्थ्य कर्मी से विभाग ने भुगतान की गई राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ ईश्वरी सोनी के खिलाफ विभाग ने लगभग 98 हजार रूपये उनके वेतन से कटौती करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार ईश्वरी सोनी मूलत: एनएमए (नॉन मेडिकल असिस्टेंट) कैडर का कर्मचारी है। यह पद महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता पद के समान होता है, साथ ही वेतनमान भी लगभग एक है। विभागीय स्तर पर फिजियोथेरेपिस्ट की ट्रेनिंग के बाद श्री सोनी ने स्वयं को रेगुलर टेक्नीशियन घोषित कर दिया था। बाद में विभाग से उन्होंने इसी आधार पर वेतन लेना प्रारंभ कर दिया। मजे

की बात यह है कि विभाग इस मामले में बिल्कुल आंख बंद करके उक्त कर्मचारी को भुगतान भी कर रहा था। एक महिला कर्मचारी ने संगठन के माध्यम से विभाग की आंख खोली। देर-सबेर विभाग ने इस मामले की जांच शुरू की। जांच में उक्त कर्मी द्वारा बेजा तरीके से भुगतान लिये जाने का मामला सामने आया। यह खेल पिछले 3 वर्षों से चल रहा था। सूत्रों के मुताबिक कई बार वीआईपी दौरों में भी उक्त कर्मी को चिकित्सक बनाकर ड्यूटी में भी तैनात किये जाने की जानकारी मिली है।

गौरतलब है कि प्रोटोकॉल के मुताबिक एमबीबीएस स्तर के ही चिकित्सकों की सेवा लिये जाने का प्रावधान है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने लापरवाही बरतते हुए उक्त कर्मी को वीआईपी दौरों में भी भेजा है। इधर उक्त कर्मी को अंडर ट्रेनिंग में भी बताया जा रहा है। लगभग 2 साल से वह यहीं पदस्थ है जबकि उसे अदालत से भी स्टे नहीं मिला है। सूत्रों के मुताबिक फिलहाल उक्त कर्मी को कांकेर में शासन ने स्थानांतरित किया था। अब तक उक्त कर्मी को रिलीव नहीं किया गया है। स्वास्थ्य महकमे से हुई इस चूक को लेकर जांच की मांग की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भर्राशाही का इसे एक छोटा नमूना भी बताया जा रहा है।

पोषण जागरूकता रथ घूम रहा गांव-गांव

रायगढ़,5 सितम्बर। स्वस्थ शरीर खुशहाल जीवन का आधार है। इसी मूल मंत्र को मानते हुए व्यापक रूप से 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है।

सही पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कोरबा वेस्ट पॉवर कम्पनी लिमिटेड द्वारा महिला व बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अन्तर्गत पोषण जागरूकता रथ चलाकर गाँवों के सर्वांगिण विकास हेतु एक नूतन पहल की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पौष्टिक आहार, टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित लाभप्रद जानकारी देकर मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, साथ ही स्वस्थ गाँव व स्वस्थ समाज की नींव मजबूत करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन गत 1 सितंबर को ग्राम बड़े भण्डार के आंगनबाड़ी केन्द्र से गाँव के सरपंच एवं महिला व बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रथ दिनांक 7 सितम्बर तक पुसौर प्रखण्ड में 28 पंचायत के 50 गांवों में भ्रमण करेगा साथ ही सही पोषण व स्वास्थ्य के बेहतर तरीकों के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करेगा।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में कम्पनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अन्तर्गत लिए गए 8 गाँवो के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य, बच्चे, महिलाएं व अन्य ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में कम्पनी के सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग से श्री पूर्णेन्दु ने बताया कि महिलाओं व बच्चों का सर्वांगिण विकास किसी भी समाज, प्रदेश व राष्ट्र की मूलभूत आवश्यकता है।

छात्रसंघ का चयन

मनेन्द्रगढ़, 5 सितम्बर। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में सत्र 2010-11 में प्रावीण्य सूची के आधार पर छात्रसंघ पदाधिकारियों का चयन किया गया है।

छात्र संघ प्रभारी सुश्री बीना डे ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित पदाधिकारियों में अध्यक्ष रश्मि बारिक, उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सचिव शिवानी सिंह, सह सचिव ज्योति त्रिपाठी, कक्षा प्रतिनिधि अनामिका पाण्डेय एवं अम्बुज मिश्रा के नाम शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह 9 सितम्बर 2010 को किया जाएगा।

पर्यूषण पर्व की उत्साहपूर्वक तैयारी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनेन्द्रगढ़, 5 सितम्बर। श्री श्री शांतिनाथ जिनालय सिविल लाइन्स मनेन्द्रगढ़ में पर्यूषण पर्व की तैयारियाँ उत्साहपूर्वक की जा रही हैं। 12 सितम्बर 2010 से प्रारम्भ होकर 10 दिनों तक दिगम्बर जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व मनाया जाएगा।

5 सितम्बर को दस लक्षण व्रत धर्म उत्तम, क्षमा, मार्दव, आर्दव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य आदि के सम्बंध में अति आवश्यक तैयारियाँ प्रारम्भ की गईं। समाज के सभी सदस्यों ने उत्साह एवं उमंगपूर्वक पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का स्वागत अपने-अपने तरीके से करना प्रारम्भ किया। उल्लेखनीय है कि ऋषि पंचमी से अनंत चतुर्दशी तक जैन समाज के सदस्य हरी सब्जियों का त्याग करके नियम और संयम का पालन करते हैं। अपनी-अपनी क्षमतानुसार एक बार भोजन एवं जल ग्रहण करते हैं। कुछ श्रद्धालु पूरे 10 दिनों तक मात्र जल ग्रहण करके उपवास करते हैं। महिलाओं एवं बच्चों में इस अवसर पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति अनूठी रूचि रहती है। बच्चों को सुसंस्कार प्रदान करने में इन प्रतियोगिताओं का

बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। बालक कच्चे मिट्टी के समान होते हैं। अपने माता-पिता तथा स्वधर्मी बंधुओं के समक्ष आरती, भजन, भाषण, नृत्य, वेशभूषा इत्यादि कलाओं का प्रदर्शन करके पूरे जीवन पर्यन्त इन्हीं संस्कारों के आधार पर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

बौद्ध राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी

डोंगरगढ़,5 सितंबर। विश्व बौद्ध संघ स्थापना दिवस 31 अक्टूबर 2002 एवं भारत रत्न बोधिसत्व डा. बाबा साहेब आम्बेडकर द्वारा नागपुर में 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धम्मचक्र परिवर्तन दिवस के अवसर पर बौद्धों का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 30-31 अक्टूबर को राजनांदगांव छ.ग. प्रदेश में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल और मीरा कुमार अध्यक्ष लोकसभा सहित मुखमंत्री डॉ. रमनसिंह को आमंत्रित किया गया है। इस हेतु बैठक में बौद्धों के विभिन्न महत्वपूर्ण मांगो एवं समस्याओं पर चर्चा की जायेगी एवं बौद्ध पर्सनल लॉ बनाने पर विचार किया जायेगा।

स्वच्छता अभियान में स्काउट्स-गाईड्स की भूमिका निर्धारित

कोरबा,5 सितंबर। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण की मांग पैदा करने और उसके शत प्रतिशत उपयोग के लिए गांव वालों को प्रेरित करने स्काउट्स-गाइड्स की भूमिका का निर्धारण किया गया है। इस हेतु रायपुर में आयोजित एक कार्यशाला में जिले क पांच स्काउटर (शिक्षक), एक रेंजर लीडर (प्रभारी डीओसी) ने मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण हासिल किया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहयोग स्वच्छता तथा समुदायों में स्वच्छता व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके मद्देनजर 3 सितंबर को रायपुर में जल संरक्षण, जल गुणवत्ता व संपूर्ण स्वच्छता अभियान पर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के लगभग सभी जिलों के स्काउटर-गाइडर ने भाग लिया।

कोरबा जिले से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के आयुक्त जनसंपर्क व व्याख्याता शासकीय कन्या हाई स्कूल भैंसमा अनिल पाल, एडवांस स्काउट मास्टर सुरेंद्र सोनी, एस.एल.खुंटे, बेसिक स्काउट मास्टर व ब्लाक सचिव कोरबा एम.एल.यादव, ब्लाक सचिव पाली नरेंद्र श्रीवास तथा प्रभारी डीआसी कोरबा व बेसिक रेंजर लीडर कु. उत्तरा मानिकपुरी ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर द्वारा जिले के पांचों विकासखंड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके बाद स्काउट्स एवं गाइड्स दलों के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा।रायपुर में आयोजित उक्त कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश के पीएचई मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में पीएचई के संसदीय सचिव महेश गागड़ा, स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद खाण्डेकर, परियोजना अधिकारी युनिसेफऋषभ हिमाणी, संचालक संचार एवं क्षमता विकास इकाई श्रीमती यास्मीन सिंह, अधीक्षण अभियंता पीएचई रायपुर एच.एस. धींगरा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बैगा-गुनिया के चक्कर में मौत

कांकेर, 5 सितंबर। एक 6 वर्षीय बालिका की अज्ञात कारणों से बुधवार की शाम को मृत्यु हो गई। जांच करने पहुंची पुलिस के अनुसार प बालिका की मौत जहरीले कीड़े या सांप के काटने होने की आशंका जाहिर करते हुए स्पष्ट कारणों का पता पीएम रिपोर्ट से ही चलने की बात कह रही है।

सैलानी की डायरी

आसमान से धरती का नजारा

फ्रांसीसी पत्रकार, छायाकार, रिपोर्टर, और पर्यावरणविद् यान आर्थस बर्ट्रेन्ड ने 5 बरसों तक 6 महानगरों में हवा में उड़ते हुए तस्वीरे लीं। 'अर्थ फ्रॉम अबव' नाम के उनके इस प्रोजेक्ट में धरती में बड़े लैंडस्केप्स की शानदार तस्वीरें हैं, जो हमारे ग्रह की बदलती परिस्थितियों की कहानी कहती हैं।

मिस्त्र में रेगिस्तान में हरे भरे प्रदेश सिवा में स्थित शहर शाली 13 वीं सदी में बसा और 1926 तक आबाद रहा। इस साल तीन दिनों के लगातार बारिश ने इसे तबाह कर दिया। इसके मकान कुछ दशकों तक चलने लायक बनाए गए थे हल्की बारिश होने पर जिनकी मरम्मत कर दी जाती यह मकान नमक और मिट्टी से बने थे, और पानी के आगे बहुत कमजोर थे सिवा के धरातल से 60 मीटर ऊंचा उठा हुआ शहर था। यह बहुत खूबसूरत शहर रहा होगा, आज भी है, लेकिन इसके 5 मंजिला मकानों में से एक भी अब नहीं बचा। दिलचस्प बात यह है कि कुछ मकानों में लोग अब भी रहते हैं।

पाठक इस कॉलम के लिए दुनिया भर की तस्वीरें भेज सकते हैं। अगर तस्वीर उनकी खीचीं हुई हो तो उसका जिक्र करें।
pix.chhattisgarh@gmail.com

मनेन्द्रगढ़, 5 सितम्बर। रविवार को जय स्तंभ के समीप स्थित फौव्वारे को नपा प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर तोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार अब उक्त स्थल पर लाइटिंग ट्री लगाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि नगरीय सौन्दर्यीकरण के लिए अब तक जितने भी निर्माण कार्य शुरू किए गए हैं सारे आधे-अधूरे पड़े हैं। देखना यह है कि नपा द्वारा लाइटिंग ट्री लगाने में कितना वक्त लगता है।